दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 04 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 303

## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक ने परिवार के 5 सदस्यों को उतारा मौत के घाट, फिर की खुदकुशी

**मोगा (आरएनएस)।** पंजाब के मोगा में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत से सनसनी फैल गई. सुबह तीन बजे मोगा के नाथुवाला के गरबी गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ही घर में गोलियों से छलनी छह लाशें मिलीं. मौके से बरामद सुसाइड नोट से पता चला कि घर के बेटे ने ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर खुद भी जान दे दी. पुलिस के मुताबिक युवक जबरन शादी करवाये जाने से नाराज था. मर्दाना कमजोरी के चलते वह शादी नहीं करना चाहता था. उसे शक था कि परिवार का अकेला लड़का होने के बाद शादी करके वह बाप बनेगा भी या नहीं. कुछ महीने पहले परिवार ने उसकी मर्जी के खिलाफ जाकर जबरदस्ती शादी तय कर दी. शादी होने में करीब डेढ़ महीना बाकी रह गया था. सभी तैयारियों में लगे हुए थे. तभी नाराज युवक ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया और अपनी रिवॉल्वर से परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी. इनमें 3 साल की भांजी के साथ माता-पिता, दादी और बहन शामिल हैं. पुलिस अधिकारी एमपीएस परमार के मुताबिक सुसाइड नोट का अध्ययन किया जा रहा है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वह रिवॉल्वर उसी की थी या घटना को अंजाम देने के लिए किसी से मांगकर लाया था.

### बिल्डिंग में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के मस्जिद बांदरइलाके में 95 नागादेवी क्रॉस लेन पर बने सैय्यद बिल्डिंग के लेवल 2 में आग लग गई जिसके बाद भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। आग को बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां पहुंची है। फिलहाल आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बिल्डिंग में आग लगने के बाद अब तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं आए है। बचावकर्मी लगातार आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले जुलाई में मुंबई के बांद्रा स्थित महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) बिल्डिंग में सोमवार को भीषण आग लग थी। इस आग में 84 से ज्यादा लोग फंस गए थे।

### आरोपी की सहमति के बिना मजिस्ट्रेट आवाज का नमूना देने का आदेश दे सकता है

**» सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक न्यायिक मैजिस्ट्रेट के पास यह अधिकार है कि वह जांच के उद्देश्य से किसी भी आरोपी को आवाज का नमूना देने का निर्देश दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ ने कहा कि एक न्यायिक मजिस्ट्रेट किसी आरोपी को उसकी सहमति के बिना भी उसकी आवाज का नमूना देने का आदेश दे सकता है। पीठ ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक मामलों के आरोपियों को उचित जांच के लिए अपनी आवाज के नमूने सौंपने का आदेश देने का अधिकार न्यायिक मजिस्ट्रेटों को दे रही है।

### जस्टिस कुरैशी के नाम पर 14 अगस्त तक निर्णय ले केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश ए. ए. कुरैशी को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति की कॉलेजियम की अनुशंसा पर केंद्र सरकार को 14 अगस्त तक निर्णय लेने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने केंद्र को यह समय सीमा उस वक्त दी जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उसे अवगत कराया कि संसद सत्र को बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सरकार को कम से कम दस दिन का और समय दिया जाना चाहिए। इसके बाद उसने इस मामले में निर्णय लेने के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया। पीठ ने कहा, आपको जो भी फैसला लेना है, वह लें और अदालत के समक्ष उसे रखें।

## सुप्रीम कोर्ट ने आईएस से संबंध के कारण महिला को सुनाई 7 साल की जेल की सजा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केरल की रहने वाली एक महिला को इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने के आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है. महिला किसी आतंकी गतिविधि में शामिल नहीं थी लेकिन कोर्ट ने आतंकी संगठन से संबंध रखने के कारण महिलाओं को सख्त सजा सुनाई है.



जस्टिस यू यू ललित और जस्टिस इंदू मल्होत्रा की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा, इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि महिला के आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध थे और वह आईएस की विचारधारा को फैलाने का काम किया. कोर्ट ने माना कि महिला ने गैर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आतंकी संगठन की विचारधारा के लिए काम किया. सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से मिली राहत को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही मानते हुए सजा सुनाई है. गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से मिली 7 साल की सजा को कम कर 3 साल कर दिया था.

पुलिस को 2016 में यह सूचना मिली थी कि इस्लामिक स्टेट में भर्ती होने के लिए 14 लोग भारत छोड़ रहे हैं. इस मामले की जांच में जुटी पुलिस को पता चला कि यासीन मोहम्मद जाहिद दिल्ली से निकलने वाली है. इसके बाद पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से यासीन को पकड़ लिया. यासीन बच्चे के साथ ही अफगानिस्तान रवाना हो रही थी. यासीन का पति कुछ और लोगों के साथ पहले ही आईएस में भर्ती होने के लिए अफगानिस्तान भाग चुका था.

महिला की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, जिसके बाद पता चलता है कि महिला का संबंध आईएस से था. महिला के वीडियो में दिख रहा है कि वह खुले तौर पर गैर-मुस्लिमों के खिलाफ युद्ध का ऐलान करती थी. इसी के साथ वह जिस तरह से अफगानिस्तान भागने के फिराक में थी उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उसकी मंशा खतरनाक थी.

## मुठभेड़ में जैश का बड़ा आतंकी जीनत नाइकू ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है. कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस ऑपरेशन में सेना ने आतंकी ज़ीनत उल इस्लाम नाइकू को मार गिराया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध स्थान को घेरने के बाद आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग हुई. आतंकी का शव बरामद कर लिया गया है. बीती रात शव उनके परिवार को सौंप दिया गया. सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है. साथ ही आतंकियां के खिलाफ चल रहा ये ऑपरेशन जारी है.



ज़ीनत नाइकू शोपियां में जैश ए मोहम्मद का सबसे बड़ा आतंकी था. वो जैश एफटीएस में स्थानीय कमांडर की भूमिका में था. वह कई आतंकी वारदातों में शामिल था, जिसमें पुलिस की हत्या और गोलीबारी और पीएस शॉपियन और गैग्रेन कैंप पर गोलाबारी करना शामिल था.

वो पीएस शोपियां की 29.08.2018 की एफआईआर संख्या 281/2018 में प्रमुख आतंकी था. जीनत और उसके सहयोगियों के इस आतंकी हमले में चार पुलिसकर्मियों ने अपनी जान गंवा दी. अगले कुछ घंटों में इस ऑपरेशन के पूरा होने की संभावना है.

## 12 करोड़ के नशीले पदार्थ समेत अफगान तस्कर गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक अफगान तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह तस्कर कैप्सूलों में नशीला पदार्थ भरकर उसे अफगानिस्तान से दिल्ली तथा इससे सटे जिलों में आपूर्ति करता था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसके पास से 2.975 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 12 करोड़ रुपये है।



अफगानिस्तान के तखर का निवासी मोहम्मद रूहुल्ला (30) कैप्सूलों की आपूर्ति करने लाजपत नगर आया था, जहां खुफिया सूचना के आधार पर उसे सुबह 6 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी ने खुलासा किया कि कुछ महीनों पहले उसके शहर में उसकी मुलाकात दो लोगों- हबीबी शाहबुद्दीन और सुल्तानी खान शिरीन से हुई थी। दोनों लोग मादक पदार्थ की तस्करी करते थे और उन्होंने उसे अफगानिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी में उनके साथ जुड़ने का प्रस्ताव दिया।

उन्होंने कहा कि उसके साथी तस्करों ने उसे आश्वासन दिया था कि ये कैप्सूल कई परतों की पॉलीथिन में लपेटे हुए होंगे।

## हरियाणा पुलिस ने तीन संदिग्ध जासूसों को गिरफ्तार किया

**» सेना से जुड़ी जानकारी भेज रहे थे पाकिस्तान**

**हिसार (आरएनएस)।** मिलिट्री इंटेलिजेंस और मिलिट्री पुलिस ने कैंट क्षेत्र में सेना की जासूसी के आरोप में यूपी के मुजफ्फरनगर के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रागीब, मेहताब और खालिद के रूप में हुई है। मेहताब मुजफ्फरपुर का रहने वाला है, वहीं खालिद शामली का रहने का वाला है। तीनों सेना की गतिविधियों को सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तान भेज रहे थे। इनके पास से मोबाइल मिले हैं, जिनमें वीडियो क्लिप, व्हाट्सएप वाइस और कुछ फोटोग्राफ्स मिले हैं। तीनों को पूछताछ के लिए हिसार सदर थाना पुलिस के हवाले किया गया है।

तीनों आरोपियों से और भी खुलासे होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, कैंट स्थित मिलिट्री क्षेत्र में मेस बिल्डिंग के निर्माण में लगी सिविल कंस्ट्रक्शन कंपनी में लेबर के रूप में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के शेरपुर गांव निवासी मेहताब (28), शामली के मासाबी गांव निवासी खालिद (25) और मुजफ्फरनगर के शेरपुर गांव का निवासी रागीब (34) एक सप्ताह पहले ही कंपनी से जुड़े थे।



तीनों पहले ही दिन से सेना की गतिविधियों पर नजर रखे थे। मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर और इनकी संदिग्ध गतिविधियों पर मिलिट्री इंटेलिजेंस और सेना पुलिस ने इन पर नजर रखी। शक पुख्ता होने पर इन्हें गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि एक आरोपी के मोबाइल से पाकिस्तानी जासूस के साथ व्हाट्सएप और वीडियो कॉल के जरिये बातचीत के रिकॉर्ड भी मिले हैं।

## मुंबई में भारी बारिश से रेल ट्रैक पर पानी; फ्लाइट्स कैंसल

**» ठाणे में 1 की मौत**

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई और आसपास के उपनगरों में शनिवार को भारी बारिश जारी रही, जिससे कई इलाकों में पानी भर गया, जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित हुआ. रेल पटरियों पर जल-जमाव ने उपनगरीय ट्रेन सेवाओं को कुछ हद तक प्रभावित कर दिया. लोकल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लगभग 15 मिनट पीछे चल रही है.



हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि बारिश के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ. मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में रातभर भारी बारिश होती रही. इसके कारण कुछ स्थानों पर जल-जमाव हो गया है. इससे कई इलाकों, विशेषकर मलाड, अंधेरी और दहिसर के कुछ हिस्सों में यातायात का प्रवाह प्रभावित हुआ है.

भारी बारिश के कारण उपनगरीय ट्रेनें सावधानीपूर्वक चल रही हैं. हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन सामान्य है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है.

विभाग ने कहा कि पश्चिमी तट के पास मौसम की स्थिति खराब रहेगी. वहीं ठाणे में शनिवार को भारी बारिश के दौरान बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी. बारिश के कारण जिले के कुछ हिस्सों में जलजमाव और बाढ़ जैसे हालात होने से जनजीवन प्रभावित है.

अधिकारियों ने बताया कि मुम्ब्रा में एक बेकरी की छत ढह जाने से उसके नीचे दबकर एक व्यक्ति घायल हो गया.

## अयोध्या विवाद पर 6 अगस्त से रोज होगी सुनवाई

**» सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या मामले में मध्यस्थता की कोशिशें नाकाम हो गई हैं और अब 6 अगस्त से खुली अदालत में रोजाना मामले की सुनवाई होगी। सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को इस मामले में लगातार सुनवाई होगी। आज कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता कमेटी कामयाब नहीं हो पाई। मंदिर विवाद पर हिंदू और मुस्लिम पक्षों के बीच आम सहमति बनाने के लिए अयोध्या मध्यस्थता पैनल को 31 जुलाई तक का समय दिया गया था।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले की सुनवाई तब तक चलेगी, जब तक कोई नतीजा नहीं निकल जाता है। गुरुवार को मध्यस्थता समिति ने सुप्रीम कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में फाइनल रिपोर्ट पेश की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि अगर आपसी सहमति से कोई हल नहीं निकलता है तो रोजाना सुनवाई होगी। यह फैसला चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संवैधानिक पीठ ने किया। इस बेंच में जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एसए नजीर शामिल हैं।

अब एक उम्मीद ये भी है कि इसी साल 17 नवंबर से पहले अयोध्या मामले पर फैसला आ सकता है क्योंकि संवैधानिक बेंच के प्रमुख यानि सीजेआई रिटायर हो रहे हैं, इसलिए उनकी रिटायरमेंट से पहले इस पर फैसला आ सकता है।

## अमरनाथ यात्रा के बाद माछिल यात्रा भी बंद

**» कड़े सुरक्षा इंतजाम**

**किश्तवाड (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से जारी परामर्श को देखते हुए किश्तवाड़ जिला प्रशासन ने गत सप्ताह शुरू हुई माछिल यात्रा को स्थगित कर दिया है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के माछिल गांव में देवी दुर्गा के दर्शन के लिए शुरू हुई माछिल यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। किश्तवाड़ जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा परामर्श को देखते हुए माछिल यात्रा रोक दी गयी है। किसी भी वाहन को किश्तवाड़ से परिचालन की इजाजत नहीं दी गयी है। साथ ही इस यात्रा के लिए शुरू की गयी हेलिकॉप्टर सेवा को भी सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को सुरक्षा परामर्श जारी कर अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों को अपनी यात्रा की अवधि कम करके तुरंत अपने घर लौटने को कहा था।



अमरनाथ यात्रा पर आतंकवादी हमले की ताजा खुफिया सूचना और अमरनाथ यात्रियों तथा पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे अपनी यात्रा को तत्काल कम कर जितना जल्द हो सके अपने घर लौट जाएं। उल्लेखनीय है कि किश्तवाड़ जिले के माछिल गांव में देवी दुर्गा का प्रसिद्ध मंदिर है जिनके दर्शन के लिए हर साल माछिल यात्रा आयोजित की जाती है। इस यात्रा में जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब, हरियाणा तथा उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से लोग आते हैं।

## ट्रंप ने 2 वर्षीय बजट सौदे पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बाइपार्टिसन बजट एक्ट ऑफ 2019 पर हस्ताक्षर किए, जो विवेकाधीन खर्च की सीमा को बढ़ाता है और अगले दो वर्षों के लिए सार्वजनिक ऋण सीमा सस्पेंड करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, इससे पहले अमेरिकी सीनेट में गुरुवार को बजट सौदा 67-28 से पारित हो गया और सदन ने इसे पिछले सप्ताह 284-149 से मंजूरी दी थी।

यह सौदा 31 जुलाई, 2021 तक संघीय ऋण सीमा पर रोक लगाता है, और 2011 के बजट नियंत्रण अधिनियम में निर्धारित तय सीमा से ऊपर 320 अरब डॉलर से अधिक के कुल खर्च स्तर को बढ़ाता है।

यह रक्षा परिव्यय को बढ़ावा देगा जिसकी मांग रिपब्लिकन नेता करते रहे हैं और घरेलू खचरें को बढ़ावा देगा, इसमें डेमोक्रेट नेताओं की मांग के मुताबिक पूर्व सैनिकों के लिए हेल्थ केयर को भी शामिल किया गया है।

## भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग पर आम सहमति

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने दोनों देशों के रक्षा उद्योग एवं उद्यमों (स्टार्ट अप) के बीच सहयोग स्थापित करने में सहायक नीति पर आगे बढ़ने के लिए शुक्रवार को सहमति जताई। भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह (डीपीजी) की शुक्रवार को यहां हुई 15वीं बैठक के दौरान इस संबंध में सहमति बनी। भारतीय पक्ष का नेतृत्व रक्षा सचिव संजय मित्रा ने की।



वहीं अमेरिका का प्रतिनिधित्व रक्षा नीति उप मंत्री जॉन रूड ने किया। डीपीजी भारत और अमेरिका के बीच रक्षा मुद्दों पर होने वाली शीर्ष अधिकारी स्तरीय बैठक प्रक्रिया है जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समग्र समीक्षा करती है और आगे का रास्ता तय करती है।

शुक्रवार को जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया गया, आज हुई बैठक में हाल के वर्षों में रक्षा व्यापार, प्रौद्योगिकी, खरीद, उद्योग, शोध एवं विकास और सेना से सेना के बीच संपर्क समेत रक्षा सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का जायजा लिया गया। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा, अधिकारियों ने दोनों देशों के रक्षा उद्योग एवं उद्यमों के बीच सहयोग के महत्त्व को रेखांकित किया और इस संबंध में सहायक होने वाली नीति पर आगे बढ़ने के संबंध में सहमति जताई।'